मत्स्यन तल तय करके विभिन्न डोल जालों के अंकक के रूप में पत्थर डालते है । अतःयह पत्थर डालना मत्स्यन का प्रथम कदम होता है । पहले एक पत्थर रस्सी के साथ डालते है और इसके बाद कई पत्थर डालते है । प्रत्येक डोल जाल प्रचालन केलिए इस प्रकार के दो पत्थर ढेर बना देता है । एक डोल जाल केलिए 50 से 60 पत्थरों की आवश्यकता पडती है। सौराष्ट्र में डोल जाल प्रचालन 15 से 35 मी गहराई में सीमित है । रस्सी का अगला अग्र प्लवों में बाँध देते है । पहले प्लवों के रूप में लकडी बटेल्लों का उपयोग करते थे, अज इसकेलिए प्लास्टिक बल्टियों का उपयोग किया जाता है। डोल जालों को इन रस्सियों में लगे देते है । जाल मुँह ज्वारीय प्रवाह की और रखते है और प्रवाह परिवर्तित होने के पहले जाल खींचते है । पकड खाली करके जाल को फिर विपरीत दिशा में रखते है । खींच की संख्या मौसम और नाव में ले जाने वाले जालों की संख्या के अनुसार होती है । चार जाल एकक साधारणतया एक खींच करते है । शीतकील में चार जालों का एकक दो खींच करते है, क्यों कि बम्बिल जो इस संभार की मुख्य पकड है, शरीर के 80% जल होने के कारण तेज़ बिगडनेवाली है और शीतकाल में इसके परिरक्षण केलिए बर्फ की आवश्यकत नहीं है ।

साधारणतया इसका जाल एच डी पी इ 20 मि मी के कोड एन्ड जालाक्षि के साथ बनाया जाता है । जाल की लंबाई 40 से 80 भी में विविध होती है और 70,000/-से 1,00,000/-रू तक कीमत के होते है । 10 सालों तक इन रस्सियों और जालों का उपयोग किया जा सकता है ।

"डोल" प्रचालन केलिए उपयुक्त मत्स्यन यान 10 से 15 मी लंबाई और के 5 से 20 टन भार के होते है । पहले इन यानों को पाल के साथ हवा के ज़रिए चलाते थे । पर आज "डोल" एककों को 20 से 88 टन अश्वशक्ति इंजनों से मोटोरीकरण किया गया है । अनुकूल स्थिति में पाल का भी उपयोग किया जाता है ।

एक यान द्वारा उपयोग किये जाने वाले जालों की संख्या के अनुसार यानों को दो जाल, तीन जाल और चार जाल एककों के रूप में वर्गीकृत किये गये है । दो जाल एककों में साधारणतया 7 से 8 कार्मिक होते है जब कि तीन जाल और चार जाल एककों में 8 से अधिक कार्मिक होते है । मौसम साधारणतया सितंबर से शुरू होता है । प्रमुख तीन मत्स्यन केन्द्रों में मौसम के मध्य में मत्स्यन तल पश्चिम की ओर बदलते है जो प्रवाह के अनुसार होता है । मत्स्यन तल बदलने केलिए नये मत्स्यन तल में लंगार डालना पडता है जो अधिकतः जनवरी-फरवरी के दौरान किया जाता है ।

## मात्स्यिकी

### *नावाबुन्दर*

समुद्र में प्रक्षेपित एक सुघटित कांक्रीट जेटी नावाबुन्दर अवतरण केन्द्र की विशेषता है । यहाँ से लगभग 250 डोल जालों का प्रचालन होता है । तीन अवतरण केंद्रों में नावाबुन्दर के निकट के समुद्र तल अत्यन्त स्लोप्पि है और तट के निकटतम होता है । तट से 10 कि मी की दूरी पर गहराई 40 से 50 मी होती है और दो या तीन घण्टों में डोल जाल मत्स्यन तल में पहुचते है । 250 डोल जालों में तीन जाल वाले एकक केवल 50 है। मौसम के प्रारंभ में प्रचालन गहराई 50 मी होती है और दूसरे मौसम में लगभग 40 मी होती है । दक्षिण गुजरात के मछुए भी इस केंद्र से डोल जाल प्रचालन करते है ।

यहाँ हिन्दु और मुसलमान मत्स्यन कार्य में लगे रहने के कारण कुछ अंतराल के बिना पूरे महीने में मत्स्यन होता है ।

वर्ष 1995-97 के दौरान हर महीने की पकड डाटा का नियमित संग्रहण करके आकलित किया था । जफर खान (1986) के अनुसार इस केंद्र में प्रयास 1976-77 से 1978-79 अवधि के औसत 3831 खीचों से वर्तमान अध्ययन के दौरान 15262 में बढ गया है । अध्ययनावधि में माहिक औसत कुल पकड 1719.8 टन थी जो ज़फर खान (1986) द्वारा रिपोर्ट की गयी 540.4 टन से अधिक है । लेकिन वर्तमान अध्ययन के दौरान पकड दर जफर खान द्वारा रिपोर्ट की गयी 174.8 कि ग्रा की अपेक्षा केवल 112.7 कि ग्रा थी ।

प्रति खींच में 49 कि ग्रा के औसत के साथ इस केन्द्र की बम्बिल पकड 17932.7 टन थी । बम्बिल की औसत माहिक पकड 296.7 टन (जफर खान 1986) से 741.2 टन में बढ गयी थी और कुल पकड के समान बम्बिल की प्रति खींच औसत पकड भी 126.6 कि ग्रा में घट गयी थी और एक रोचक बात कुल डोल जाल पकड में बम्बिल का प्रतिशत योगदान की घटती थी । ज़फर खान के अनुसार यह 68.6% से 76.6% में विविध था लेकिन वर्तमान अध्ययन में यह केवल 42% है । अध्ययन के दो सालो में बम्बिल की प्रति खींच पकड जनवरी 96 के 28.4 कि ग्रा से 1997 के मानसूनारंभ में 158.4 विविध देखी गयी । दोनों सालों में अक्तूबर-दिसंबर और अप्रैल-मई की अवधि श्रृंगकाल देखा गया । बम्बिल की उच्चतम पकड 2501 टन दिसंबर 96 में प्राप्त हुई थी ।

बम्बिल के बाद 1996 के मानसूनोत्तर अवधि में नॉन-पेनिअइड झीगों की प्रचुरता देखी गयी । दिसंबर 96 के दौरान लगभग 1173.8 टन *एसेटस* का अवतरण होते हुए देखा । यहाँ की कुल पकड के 15.31% यह जाति थी । लेकिन जफर खान 1986 के अनुसार *एसेटस* पकड में 21.2 से 6.2% ही होती थी । उनके द्वारा रिकार्ड की गयी औसत माहिक पकड 21 टन थी तो वर्तमान अध्ययन में यह 263.3 टन रिकार्ड किया जाता है । इसके अतिरिक्त नॉन-पेनिअइडस जैसे *एक्सिप्पोलिस्माटा एनसिरोस्ट्रिस* और *नेमाटोपालिमोन टेनिपेस* ज़फर खान (1986) द्वारा रिपोर्ट की गयी 1.42% से 3.1% और 2.51% से 4.9% के आगे वर्तमान अध्ययन में 5.75 और 1.75% देखा गया । सितंबर-दिसंबर और अप्रैल-मई की अवधि में नॉनपेनिअइड पकड उच्च थी । 1995 की अपेक्षा 1996 में पकड अधिक थी । अन्य प्रमुख वर्ग कोयलिया (7.95%) थी । शिंगटियँ (6.74%), फीतामीन (4.5%) और पेनिअइड चिंगट (5.70%) थी । इन जातियों का प्रतिशत योगदान ज़फर खान (1986) की रिपोर्ट से ज्यादा भिन्न नहीं है ।

साल भर पकड में *कोयलिया डसुमीरी* एक घटक था । इसके बाद एक श्रृंगकाल अप्रैल-मई 1997 में देखा ।

साल भर देखे गये और एक प्रमुख वर्ग है शिगटियाँ । इन में टाचिस्युरस जाति प्रमुख थी । दोनों सालों में अधिकतम पकड मई में देखी गयी थी । इसके भी दो श्रृगाकाल देखे गये । पहला मौसम के अरंभ में और दूसरा मानसून के पूर्व ।

फीतामीनों में ट्रिच्यूरस जाति प्रमुख थी । इसकी अधिकतम पकड मानसूनपूर्व महीने यानि अप्रैल-मई महिनों में देखी गयी । शिंगटियों के समान इसके भी दो श्रृंगकाल देखे गये । मई 97 के दौरान प्रति खींच पकड अधिकतम थी । पेनिअइड चिंगट में पारापेनियोप्सिस जाति प्रमुख थी । यह 1996 सितंबर की पकड से बढकर मई 97 में 597 टन तक बन गयी । यद्यापि दोनों वर्षों में मौसम के आरंभ में और मानसून के पूर्व दो श्रंगकाल देखे गये थे ।

*राजपारा*

राजपारा में 240 डोल जाल प्रचालन में है जिनमें 100 तीन जालों के और बाकी दो जालों के होते है । मत्स्यन गहराई 24 से 40 मी है और मत्स्यन तल तक पहूँचने में 3 से 4 घंटे लगते है । यहाँ भी मात्स्यिकी का मौसम सितंबर से प्रारंभ होता है और फरवरी के दौरान मत्स्यन तल पश्चिम की और बदल दिया जाता है ।

पहले दक्षिण गुजरात के डोल जालों का भी प्रचालन यहाँ से होता था । लेकिन आज लंगार की सुविधा कम होने के कारण बाहर के डोल जालों को यहाँ प्रचालन करने से मना है । यह अवतरण केन्द्र एक छोटी सी खाडी में है । यहाँ एक अच्छी जेटी भी नहीं है । यहाँ के मछुआरे हिन्दु समुदाय के है और समुदाय प्रमुख मत्स्यन कार्य का नियन्त्रण करता है ।

राजपारा में 69906 डोल जाल एककों के ज़रिए सितंबर 95 से अगस्त 97 के दौरान 504939 खींचों में 55891.5 टन मछली प्राप्त हुई थी. कुल अवतरण में 59.94 बम्बिल थ । अध्ययनावधि में 8274.7 टन का अधिकतम अवतरण नवंबर 95 में और निम्नतम पकड 8.2 टन जुलाई में देखा था। वर्ष 1995-96 की अपेक्षा 1996-97 में पकड कम थी। दोनों वर्षों में कुल पकड प्रति खींच 66.34 कि ग्रा थी । प्रति खींच पकड 96 जून के 18.93 कि ग्रा से 97 मई के 162.82 कि ग्रा में विविध थी.

कुल पकड में बम्बिल (18.7%) और नॉन पेनिअइड

चिंगट भी उपस्थित थीं । इनमें एसेटेस 13.1% ,*ई. एनसिरोस्ट्रस* 3.9% और *एन. टेन्यूपेस* 1.8% शामिल थे । यहाँ की मात्स्यिकी नावाबुन्दर के समान थी । दिसंबर 96 में नॉनपेनिअइड चिंगट की पकड अधिकतम थी । *कोयलिया* जाति ने कुल पकड के 8.4% योगदान दिया । दोनों बर्षों में अक्तूबर और दिसंबर में इसकी प्रचुरता देखी गयी । कुल अवतरण में 6.3% फीतामीन था । सितंबर 96 से अगस्त 97 तक की अवधि में फीतामनों का अवतरण उच्च था । मई 97 में प्रति खींच 110 कि ग्रा फीतामीन प्राप्त हुआ था । कहने योग्य मात्रा (2.7%) में पेनिअइड चिंगट भी पकड में उपलब्ध थी.

*जाफराबाद*

जाफराबाद से 280 डोल जालों का प्रचालन होता था जिनमें 80 चार जालों के थे । यहाँ डोल जाल प्रचालन तट से 25 से 40 कि मी दूर पर होता है और प्रचालन क्षेत्र में पहूँचने केलिए 6-7 घंटे लगते है । निकटस्थ गाँव सियालकोठ के डोल जालों का प्रचालन यहाँ से होता है ।

अध्ययनावधि में 50126 डोल जाल एककों द्वारा 54653.3 टन पकड का अवतरण किया था । पकड में 57.1% बम्बिल था । प्रति खींच कुल पकड 117 कि ग्रा थी । ज़फर खान (1987 ) द्वारा 1979 -80, 1980-81 अवधि केलिए रिपोर्ट की गयी औसत माहिक पकड 1157.8 टन, 1064.6 टन और 1720.7 टन थी जो वर्तमान अध्ययन में रिपोर्ट किये गये 2182.1 टन से कम है । पर ज़फर खान द्वारा रिपोर्ट की गयी प्रति खींच पकड वर्तमान अध्ययन से अधिक थी । इस अवधि में बम्बिल की आकलित पकड 31211.2 टन थी जिस में प्रति खींच पकड 66.8 कि ग्रा थी । प्रति खींच पकड मार्च 96 में 40.2 कि ग्रा थी तो नवंबर 95 में यह 172.4 कि ग्रा थी । अधिकतम बम्बिल पकड नवंबर 95 में और दिसंवर 96 में देखी गयी। मानसून के दौरान डोल जाल प्रचालन तो किया था पर पकड कम थी । प्रचुरता का ऋंगकाल अक्तूबर से दिसंबर 95 की अवधि था । दूसरा ऋंगा काल क्रमशः मार्च 96 और मई 97 था ।

बम्बिल के साथ 15.25% नॉनपेनिअइड वर्ग पकड में प्राप्त हुए थे । नॉनपेनिअइडों में एसेटस (11.18%) *एन. टेन्यूपेस* (2.73%) और *ई. एनसिरोस्ट्रिस* (1.34%) उपस्थित थे । नॉनपेनिअइड चिंगटों का श्रृंगकाल दोनों वर्षों में मार्च और मई महीने थे । पकड के अन्य प्रमुख वर्ग कोयलिया जाति (7.7 %), फीतामीन (4.87%), गोल्स (2.25%), अन्य क्रोकेर्स (4.74%) और पेनिअइड (2.2%), *कोयालिया डसुमरी* (2.6%), *पी. डयाकांतस* (1.7%), फीतामीन (10%) और पेनिअइड झींगे (0.8%) थे ।

कोयलिया जातियों की प्रचुरता जनवरी से मई तक की अवधि में देखी गई । *पी. डयाकांतस* मार्च 1996 में और जनवरी 1997 में प्रचुर था ।

इस अवधि में फीतामीनों का 2662.1 टन पकड प्राप्त हुई थी और अनुकूल मौसम अप्रैल-मई देखा गया । दूसरा श्रृंगकाल अक्तूबर-दिसंबर की अवधि था । अधिकतम पकड मई 1997 में देखी गयी जब प्रति खींच पकड 31.25 किग्रा थी.

पेनिआइड चिंगटों का प्रमुख श्रृंगकाल अक्तूबर-नवंबर की अवधि देखा गया । अप्रैल-मई में भी पकड अच्छी थी । इस अवधि में पेनिअइड चिंगटों का कुल अवतरण प्रति खींच 2.75 कि ग्रा के साथ 1286.3 टन था । अप्रैल 97 में अधिकतम पकड प्रति खींच 7.37 कि ग्रा के साथ 287.9 टन थी ।

शिंगटियाँ और सिएनिड्स भी इस केन्द्र के पकड में उपस्थित थी । जनवरी-मई की अवधि में शिंगटियाँ प्रचुर थी । कुल पकड में शिंगटियों और सिएनिडों का योगदान क्रमश : 1.94% और 4.87% था ।

*अभ्युक्तियाँ*

तीन अवतरण केंद्रों की विशिष्टता बम्बिल की प्रमुखता थी. यद्यपि बम्बिल नावाबुंदर (44%) को छोडकर बाकी केंद्रों में पकड के 50 रिकार्ड किया था, पहले के कार्यकर्ताओं की रिपोर्टों की तुलना में प्रतिशत योगदान में घटती दिखाई पडती है । बम्बिल प्रतिशत योगदान में घटती के साथ सभी केंद्रों में अन्य प्रमूख वर्ग नान पेनिअइडों के योगदान में बढती हुई जो सभी केंद्रों में पकड के 15% योगदान दिया । नॅनपेनिअइडों में एसेटेस प्रमुख था । नावाबुन्दर में केवल एसेटस का 15% पकड प्राप्त हुई । राजपारा में और जाफराबाद में इसका योगदान क्रमशः 13% और 11% था । स्वर्णिम

बिन्दी वाला ऐंचोवी *कोयलिया डसुमरी* भी डोल जाल का एक प्रमुख वर्ग था । सभी केंद्रों में इसका योगदान 8% के निकट था ।

सभी अवतरण केंद्रों में अक्तूबर से दिसंबर तक की अवधि बम्बिल का श्रृंगकाल देखा गया । मानसून में पकड बहुत कम थी । 1996-97 की तुलना में बम्बिल की पकड 1995-96 में उच्चतम थी । लेकिन नावाबुन्दर में 1995-96 के दौरान पकड अधिक थी। नॉनपेनिअइड और स्वर्णिम बिन्दियों वाले ऐंचोवी का प्रमुख मौसम मार्च तक की अवधि थी । ऐंचोवी का प्रमुख मौसम दिसंबर और मार्च के बीच की अवधि थी ।

डोल जालों के ज़रिए उच्च पकड में पिछली डाटा की अपेक्षा बढती होने पर भी प्रति खींच पकड घटती देखी जाती है । नॉंनपेनिअइडों, विशेषतः एसेटस जाति को छोडकर प्रत्येक वर्ग भी प्रति खींच पकड में घटती दिखाई. इसलिए पकड में हुई वृद्धि प्रमुखतः एसेटस के योगदान से हुई जिसकी आर्थिक मूल्य भी तुच्छ है ।

नावाबुन्दर, राजपारा अेर जाफराबाद में मछली सुखाने का काम संग्रहण के बाद की मुख्य उपजीविका है । खम्भों से रस्सियाँ बाँधकर मछलीयों को रस्सियें में लटका कर सुखाते है । सूखी गयी मछलीयों को उत्तर पूर्वी राज्यें में ले जाते है । बम्बिल, कोयलिया, फीतामीन और छोटी झींगों को इस प्रकार सुखाते है । उच्च मूल्य के चिंगट, महाचिंगट, गोल, बडे फीतामीन आदि को बर्फ डालकर परिरक्षित करते है और निर्यातकों द्वारा खरीदे जाते है । गोल *प्रोटोनीबिया डयाकान्तस* प्रति कि ग्रा रु 90 की दर के उच्च मूल्य के है । इसके वायु-आशय भी बडे दाम के होते है । बम्बिल की ताज़ी स्थिति में भी उपयोग होता है । वेरावल के कुछ संसाधन प्लान्ट सुखाये गये बम्बिलों को हिमशीतन करके निर्यात करने की केलिए कोशिश की।

संग्रहणोत्तर कार्यों में अधिकाधिक स्त्रियाँ भाग लेती है ।

यह देखा गया कि डोल जालों में वाणिज्यिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बम्बिल, पेनिअइड चिंगट, फीतामीन आदि के किशोर पकडे जाते है । इसका कारण शायद कोड एन्ड की छोटी जालाक्षि अयाम होगा । डोल जाल प्रचालन की सफलता समुद्र के प्रवाह पाटेर्न पर आश्रित रहती है अतः मात्स्यिकी की गतिकी जानने केलिए समुद्रविज्ञान संबधी पैरामीटरों का विस्तृत अध्ययन अनिवार्य है ।

* * * * * * * *

## 906 क्लाउन मछली *अम्फिप्रियोन क्राइसोगास्टर* का प्रजनन और डिम्भक पालन

जी.गोपकुमार, रानी मेरी जोर्ज और एस.जास्मिन

*सी एम एफ आर आइ का विष़िंजम अनुसंधान केन्द्र , विष़िंजम*

### *आमुख*

समुद्री जलजीवशाला मछलियों के विपणन का आज ध्रुत विकास हो रहा है तदनुसार अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में उष्णकटिबंधीय समुद्री जलजीवशाला मछलियों केलिए माँग भी बढ गयी है । भारत में समुद्री आलंकारिक मछलियों की शक्य संपदा होने पर भी इस प्रलाभी अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में अभी तक हमने प्रवेश नहीं किया है । यह सब को ज्ञात है कि समुद्री आलंकारिक मछलियाँ अधिकतः प्रवाल समुद्रों में पायी जाती है । अविवेकपूर्ण विदोहन से इस संवेदनशील प्रवाल पारिस्थितिकी की का नाश हो सकता है । ऐसी स्थिति में समुद्री आलंकारिक मछलियों का स्फुटनशालाओं में प्रजनन और पालन आलंकारिक मछलियों की आपूर्ति केलिए सहायक होगा। समुद्री मछलियों के प्रजनन और पालन में आज उतना अधिक विकास नहीं हुआ है । लेकिन जलकृषि विकसित किए देशों में यह तेज़ हो गया है .

### *क्लाउन मछलियाँ*

*आम्फिप्रियोन और प्रेमनास* वंश के पॉमासेन्ट्रिड मछलियाँ अत्यन्त मनोहर उष्णकटिबंधीय समुद्री जलजीवशाला मछलियाँ है जिनकी अंतराष्ट्रिय बाज़ार में उच्च माँग है । ये जलकृषि केलिए उपयुक्त भी है । क्लाउन मछलियाँ या ऐनिमोन मछलियाँ पुकारे जानेवाली ये मछलियाँ उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय समुद्रों में पायी जाती है । क्लाउन मछलियों की लोकप्रियता इसलिए कि ये छोटे अयाम के परलब मछलियाँ

है. इनके रंग बहुत आकर्षक होते है और संग्रहणावस्था में जीवित रहने में ये सक्षम है और समुद्री ऐनिमोन्स के साथ सहवास के कारण आकर्षक चाल भी दिखाती है । ये जोडियों में तैरकर अपने पिंजरो की ओर आने वाली अन्य मछलियों को भगाते है । पूरे बर्ष ये प्रजनन करते है । ये पहले नर मछलियाँ होते है । बढने पर सबसे बडा मादा मछली बनती है और अगला प्रमुख इसका संगी वन जाता है । यदि मादा मछली मर जाती है तो नर मादा मछली बनकर अगली बडी मछली को नर संगी के रूप में स्वीकार करती है । मिथुन किये ये जोडी दूसरों की तुलना में तेज बढती प्राप्त करती है । बाकी मछलियाँ कुछ रासायनिक तरीकों से अपनी बढती रोकती है । क्लाउन मछली *आम्फिप्रियोन क्राइसोगास्टर* के प्रजनन और पालन केलिए एक प्रौद्योगिकी भारत में प्रथम बार केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान के विझिंजम अनुसंधान केंद्र में विकसित किया था ।

*ब्रूडस्टॉक विकास*

ट्यूटिकोरिन और मंडपम से मछलियों को ऐनिमोन्स के साथ संग्रहित करके जैव निस्यंदक जोडे गये 1 टन धारिता के टैंकों में डाला । प्रत्येक टैंक में विभिन्न अयाम के 4-6 मछलियों को डाला था । इनको रोज़ दो बार गोमांस के छोटे छोटे टुकडे और उबाले गये शंबु मांस से खिलाये थे । सभी टैंकों में एक जोडी बढकर अडजनन जोडी बन गयी । प्रौढ मछलियों का अयाम 8-9 से मी के बीच था । अंडजनन किए जोडियों में लैंगिक द्विवर्णिकता दिखायी पडी थी । नर का प्रोथ धूसर पीत और मादा का चमकीला पीत देखे गये ।

*अंडजनन*

ब्रूड स्टॉक टैंकों में कई बार अडजनन हुआ । अपनी सीमा में आनेवाली मछलियों को शावक जोडियँ भगाते हूए देखा । अंडे डालने का अधःस्तल की सफाई के बाद अंडजनन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई जो एक घंटे तक जारी रही थी । अंडजनन हमेशा 0900 से 1400 घंटों के दौरान होता था । अंडे ब्रूड स्टॉक टैंकों के पार्श्वों में पडे मिट्टि के छोटे छोटे बर्तनों, ग्रनइट पत्थरों और टैंक के जैव निस्यंदन नालियों में जुडे हुए थे । एक अंडजनन का अंतराल 10 से 45 दिनों में विविध देखा गया । माता पिता दोनों अंडों की सुरक्षा में व्यस्त थे और अपने पंकों और मुँह से फैनिंग करते थे.

अंडे डालने के तुरन्त बाद रंग नारंगी था और कुछ घंटों में ये फूलने लगे । ये अंडे सवृंत, कैप्स्युल के समान और 1.7 से 2.9 मि मी की लंबाई के थे । अंडे के अन्दर एक चमकीला रजत बिन्दु बहूत स्पष्ट दिखाया पडता था। अनिषेचित अंडे गहरी नारंगी रंग के और छरहरे थे ।

*अडों का सेना*

अंडजनन पूरे होने के बाद अंडों को सावधानी से हवा पडने से बचाकर सेने के टैंकों में रख दिया । इस टैंक में (100 ली धरिता) में निस्यंदित समुद्र जल और अंडजनन टैंकों के कुछ जल का प्रबंधन किया था । अंडों केलिए निरन्तर वातन अनिवार्य था जो उनको अंडजनकों के फैनिंग का सुख दिया था । दूसरे दिन से अंडे काले होने लगे और तीसरे और चौथे दिनों में विकसित होने वाले डिम्भक दृष्टिगोचर होने लगा । छठी और सातवाँ दिनों के बीच की अवधि में डिम्भक अंडों से बाहर आये थे । डिम्भकों की आँखें चमकीली थी। अंधेरे में स्फुटन तेज़ था । रात के वक्त वह भी 1900 से 2000 घटों में स्फुटन अधिक था । 60-90 % जीवनक्षम अंडों का स्फुटन एक ही रात में होते हुए देखा । अंडे पारदर्शी होने तक जनक टैंकों में रखने से अच्छा परिणाम हुआ था । नर मछलियों द्वारा बीच में फैनिंग करने के कारण अंडों का सडाव बहुत कम था । स्फुटन के पिछले दिन अंडों को स्फुटन टैंकों में स्थनांतरित किया था । इस रीति में 90% अधिक स्फुटन होते हुए देखा । अंडों की जीवनक्षमता अत्यन्त परिवर्तनीय थी । जीवनक्षम अंडे ऊष्मायन के तीसरे दिन से सफेद होने लगे थे ।

*डिम्भक पालन*

डिम्भकों को जल प्रवाह से होने वाली क्षतियों से बचाने केलिए स्फुटन पूर्ण होने के बाद वातन रोक किया । इसके बाद अधःस्थल और अंडों के कचरे टैंक से निकाल दिया । डिम्भकों को डिम्भक टैंकों में स्थानांतरित किया ।

डिम्भक पालन टैंक (100 से 200 ली धारिता) विशेष निस्यंदन प्रंणाली से निर्मित था । निस्यंदन जोडे गये एक ऊपरी टैंक में जल का परिसंचरण के लिए व्यवस्था थी । निस्यंदन दर प्रति घंटे 100% में रखी थी ।

डिम्भकों की लंबाई 2.5 से 3 मि मी के बीच थी । ये बहुत सक्रिय थे । इन में पीतक की मात्रा बहुत कम थी और स्फुटन के अगले दिन सबेरे से खाने लगे थे । खाद्य के रूप में इनको बाह्य संवर्धन प्रणाली से संवर्धित रोटिफेर *ब्राचियोनस रोटन्डिफोरमिस* दिया था । खिलाये गये *बी. रोटन्डिफोरमिस* की वर्मिका (लॉटिका) की लंबाई 150 थी । खिलाने के पहले रोटिफेर को निस्यंदित समुद्र जल में अच्छी तरह धोना

चाहिए । प्रथम चार दिनों में डिम्भकों को प्रति मि ली 6-8 रोटिफेर देते थे । निर्णायक स्फुटन से लेकर प्रथम पाँच दिनों की निर्णायक अवधि में अतिजीवितता 50 से 60% में विविध थी । पाँचवाँ दिन से डिम्भकों को *बी. रोटन्डिफोरमिस* और ताजे स्फुटित *आर्टिमिया* नोप्ली का मिश्रित खाद्य के रूप में देने लगा । अस्फुटित *आर्टिमिया* पुटियाँ डिम्भकों की अतिजीवितता केलिए नाशकारी थी । यह त्रुटि समझने के बाद डिम्भकों का जीवनाश नहीं हुआ था । स्फुटन के 12 से 15 दिनों के बीच डिम्भक किशोरों में रूपान्तरित हुए थे । किशोरों की लंबाई 8 मि मी थी । इन छोटी मछलियों को आगे की बढ़ती केलिए समुद्री एनिमोन्स के साथ ग्रो अउट टैंकों में स्थानांतरित किया ।

* * * * * * * *

## 907 टूटिकोरिन कवचप्राणी स्फुटनशाला में शूलहीन कटिल फिश *सेपियेल्ला इर्नेमिस* का सफल प्रजनन

डी. शिवलिंगम

*सी एम एफ आर आइ का टूटिकोरिन अनुसंधान केंद्र, टूटिकोरिन*

भारत में प्रचुर मात्रा में पाये जानेवाला शूलहीन कटिल फिश *सेपियेल्ला इर्नेमिस* एक उथला जल जाती है । टूटिकोरिन अनुसंधान केंद्र में स्थापित स्फुटनशाला में इस कटिल फिश का पालन किया था और इस अविधि में ये प्रौढ होकर जीवनक्षम अंडे भी डाले थे । अंडे से बाहर आये छोटों का भी सफल पालन हो रहा है । अभी तक स्फुटनशालाओं में पालन केलिए अंडों का संग्रहण प्राकृतिक प्रजनन तल से किये जाते थे । जब कि अब, देश में पहली बार कटिलफिश बीजों का स्फुटनशाला उत्पादन संभव्य हो गया है । इस परीक्षण का परिणाम भारत में कटिलफिश संवर्धन आगे बढाने की आश को और भी सुदृढ करता है ।

*एस. इर्नेमिस* एक प्रमुख शीर्षपाद मछली है जो भारत के तटवर्ती सीमा से चिंगट आनायों में उप पकड के रूप में प्राप्त होती है । सी एम एफ आर आइ के टूटिकोरिन अनुसंधान केंद्र में शीर्षपादों के संवर्धन संबंधी परीक्षण 1985-86 से शुरू हुआ था । कटिलफिश उपतट के सुरक्षित और शान्त क्षेत्रों में अंडे डालते है । सितंबर 98 में टूटिकोरिन के निकट मनपाड से कटिलफिश अंडों का संग्रहण करके निस्यंदित समुद्र जल में रख दिया । अगले दिन अंडे सेने लगा और 10 दिनों में कुल अंडों से छोटी मछलियाँ बाहर आयी । इनकी लंबाइ 2 मि मी थी । प्रारंभ में इनको माइसिडस से खिलाया और धीरे धीरे एसेटस और माइसिड् का मिश्रित खाद्य देने लगा । छोटी मछलियाँ अच्छी वृद्धि दर दिखायी और 7 दिनों में ये 37.9 ग्रा के औसत भार और 57.2 मि मी की औसत लंबाई प्राप्त की । ढाई महीने आयु की कटिलफिशों ने पालन टैंको में संगम के बाद अंडजनन किया ।

संगम के दौरान नर और मादा कटिल फिश एकदुसरे के सिर बहुत निकट करके एक साथ तैरते है जब नर मछली मादा मछली के शुक्राधार में शुक्राणुधर डालते है । वुड हॉल लबोटाटरी मासाचुसेट के अनुसंधानकर्ताओं की राय में इस प्रकार का संगम जिसे अरिस्टोटिल्स पोसिशन कहते है, बन्दी स्थिति में बहुत विरल ही देखा जाता है । साधारणतया नर और मादा पास-पास तैरते है और शुक्राणुधर मादा मछली के अंडवाहिनी के निकट प्रावरण भाग में लगा देता है । संगम के बाद मादा कटिलफिश टैंकों के अंदर वातन ट्युब और नाइलॉन रस्सियों में अंडे डालते है । पालन टैंकों में पहली बार अंडों का निक्षेप 18-11-98 को हुआ था । नाइलॉन रस्सियाँ अंड निक्षेप केलिए उपयुक्त देखकर टैंक में और भी रस्सियों का प्रावधान किया ताकि अधिकाधिक अंडों का संग्रहण किया जा सके । ज्यादातर मादाओं ने नाइलॉन रस्सियों में अंड निक्षेप किया । अंडों को लगभग 40 सेकन्डों में एक एक करके निक्षेप करते हुए देखा । 13 दिनों के सेनावधि के बाद छोटी मछलियों का पहला दल बाहर आया । यह शूलहीन कटिलफिश के हैचरी उत्पादन की प्रथम घटना थी ।

वर्तमान अध्ययन इस दृष्टि में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है कि इससे कटिल फिश के जीवन चक्र, स्वभाव, और संवर्धन आवश्यकताओं पर आवश्यक जानकारी प्राप्त किया जा सकी जो शीर्षपाद हैचरी तकनीकों के विकास केलिए अनिवार्य है । इस उपलब्धि से *सेपियेल्ला इर्नेमिस* जलकृषि केलिए अत्यन्त

शक्य जाति मानी जाती है । इसकी तेज़ बढती दर, छोटे जीवन चक्र, उच्च जननक्षमता और उच्च अंडजोत्पत्ति दर और डिम्भकीय अवस्था की अनुपस्थिति *सेपियेल्ला* इर्नेमिस को जलकृषि केलिए उपयुक्त जाति साबित करती है ।

भारत में पाक खाडी स्विवड *सेपियोटेथिस लेस्सोनियाना* और फारो कटिलफिश *सेपिया फारोनिस* के अंडजोत्पत्ति पर अध्ययन करने पर भी हैचरी प्रैद्योगिकी अभी तक पूर्ण रूप में विकसित नहीं है । थायलैन्ड में बन्दी अवस्था में शीर्षपादों का पालन होता है । वर्तमान परिणामों के अधार पर यह कहा जा सकता है कि स्फुटनशालाओं में उत्पादित बीजों से शीर्षपाद संवर्धन संभव्य है । 75 से 90 तक की पालनावधि पर वर्ष में तीन बार संवर्धन किया जा सकता है । मानव उपभोग के अतिरिक्त इसका और एक शक्य लक्ष्य जलजीवशाला बाज़ार है ।

* * * * * * * *

# 908 टूटिकोरिन के लवणक्यारियों से संग्रहित लवणजल चिंगट के एक विदेशज जाति का जननक्षमता अध्ययन

एम. राजामणि, एस. लक्ष्मी पिल्लै, एन. रत्नस्वामी और जे.एक्स. रोड्रिगो

*सी एम एफ आर आइ का टूटिकोरिन अनुसंधान केंद्र, टूटिकोरिन*

लवणजल चिंगट अर्टिमिया पाँच महाद्वीपों में लवणक्यारियों, तटीय लैगूण और अंतःस्थलीय झीलों में प्रचुर मात्रा में पायी जाती है । भारत में तमिलनाडु, महाराष्ट्र और गुजरात के लवणक्यारियों में और राजस्थान के अंतःस्थलीय झीलों में इस जाति की उपस्थिति रिपोर्ट की गई है । अभी तक इन स्थानें में लवणजल चिंगट *ए. पार्थेनोजेनिटिका* के अनिषेकजनीनीय प्रभेद की ही रिकार्ड प्राप्त थी। लेकिन हाल में प्रथमतः टूटिकोरिन लवणजल क्यारियों में *ए. फ्रांसिस्काना*, एक विदेशज लैंगिक प्रमेद की उपस्थिति रिकार्ड की गई है (राजामणि आदि) । प्राकृतिक पारितंत्र में इस विदेशज जाति का अगमन प्राकृतिक जातियों से प्रतियोगिता में परिणत होगा, ऐसा सोचकर इस जाति की जननीय जैविकी यानि जननक्षमता और अंडजनन अंतराल आदि का प्रयोगशाला स्थितियों में अध्ययन किया ।

वेप्पालाडाइ के लवणक्यारियों से 5-3-98 को संग्रहित लवणजल चिंगटों में जननक्षमता और प्रजनन अंतराल पर परीक्षण चलाया था । इन नमूनों को संग्रहित किए प्राकृतिक पारितंत्र में लवणता और पी एच क्रमशः 143.4% और 7.5% थे । इन लवणजल चिंगटों को टूटिकोरिन में स्थित कारापाड प्रयोगशाला में 35.9 पी पी टी लवणता के 50 ली निस्यंदित समुद्र जल युक्त दो विभिन्न पर्सपेक्स टैंकों में बाँट कर पालन किया । अगले दिन सबेरे कुछ मरे हुए देखा । बाकी जीवियों सहित टैंक बाहर सुर्य प्रकाश में रखकर प्रयोगशाला में तैयार किये *अइसोक्राइसिस गाल्बाना* से खिलाया । 16-3-98 को इस संभरण से राइडिंग स्थिति के 15 जोडियों को संग्रहित करके प्रत्येक जोडि को 500 ली धारिता के प्रत्येक सुतार्य प्लास्टिक बर्तनों में 350 मि ली पानी में डालके *अइसोक्राइसिस गाल्बाना* से खिलाया । बर्तनों का दैनिक निरीक्षण किया और जब नोप्लि दिखाया पडा उनकी संख्या निकालके बडे चिंगटों को उसी बर्तन में ताज़े माध्यम के साथ पुनःप्रजनन केलिए छोड दिया ।

इस अध्ययन के अनुसार देख लिया कि परीक्षणावधि में प्रत्येक जोडी ने 19 से 117 तक नोप्ली छोड दिया और प्रजनन अंतराल 2 से 9 दिनों में विविध था । परीक्षण किये गये 15 जोडियों में दो मादाओं में अंडजनन भागिक था जिन्होंने दो क्रमगत दिनों में नोप्ली छोड दिया था। प्रथम अंडजनन में प्रत्येक जोडी द्वारा मुक्त किये गये नोप्ली 19 से 100 में विविध था जिनमें नोप्ली मुक्त करनेवाले अधिकांश (46.7%) मादा थी जिन्होंने 61-80 रेंच में नोप्ली छोड दी थी । 6.7% अंडजनकों ने 20 से कम नोप्ली छोड दिया । दूसरा अंडजनन केवल 13 जोडियों में देखा था । इसमें 2-9 दिनों के प्रजनन अंतराल में 22 से 92 नोप्ली निकालते हुए देखा । दूसरे अंडजनन में अंडजनकों में 30.8% 61-80 के रेंच में नोप्ली छोडते हुए देखा और तुल्य संख्या के अंडजनकों ने 81-100 के उच्च रेंच में नोप्ली छोड दिया । तीसरा अंडजनन केवल 9 जोडियों में देखा और जननक्षमता 58-117 में विविध थी । दूसरे और तीसरे अंडजनन क्रम के बीच का अंतराल 2-9 दिनों के रेंच में था । जोडीयों में पहले, दूसरे और तीसरे अंडजनन में भागिक अंडजनन व्यक्त करते हुए दूसरे दिन में नोप्ली छोड दिया । तीसरे अंडजनन में 44.4% अंडजनकों ने

101-120 के उच्च रेंच में नोप्ली छोड दिया । तीसरे में जननक्षमता प्रथम और दूसरे अंडजनन की अपेक्षा उच्च थी । चौथा अंडजनन केवल एक मादा में दिखाया पडा था जो 5 दिनों के अंडजनन अंतराल में 68 नोप्लीयों का उत्पादन किया था ।

परीक्षण के दौरान परिवेश ताप 31-37C° के बीच, लवणता 33.7 से 35.9 पी पी टी के बीच और पी एच 8.1 से 8.3 के बीच विविध थे

यह रिपोर्ट किया जाता है कि *ए. फ्रांसिस्काना* अधिक पृथुलवणी है जो लवणता में भी अधिक पुनरुत्पादन क्षमता दिखाती है । लेकिन अनिषेकजननीय जीवसंख्या की अतिजिविवितता 35 पीपीटी लवणता में बहुत कम होती है । ब्राउन आदि ने 15 से 32.5C° तापमान के बीच विभिन्न भौगोलिक उत्पत्ति के लैंगिक और अलिंगी जीवों के जननात्मक जैविकी पर अध्ययन किया था । उनके अध्ययन ने यह व्यक्त किया कि 90 पी पी टी लवणता और 32.5C° में जननक्षमता केवल 23.8 थी जब कि उस लवणता स्तर पर 24C° में जननक्षमता 111.4 देखी गयी जिससे यह स्पष्ट होता है कि कुछेक कदर तक जननक्षमता परिवेश ताप के नियंत्रण में है । वर्तमान परीक्षण 33.7 से 35.9 पी पी टी के कम लवणता स्तर में किया था और यहाँ परिवेश ताप 31 और 37C° के बीच में था और परीक्षण किये गये 34.2% मादाओं में जननक्षमता 61 से 80 के रेंच में उच्च थी । परिवेश तापमान के अलावा माध्यम की लवणता भी जननक्षमता प्रभावित किया सकता है । यद्यपि वर्तमान अधययन का लक्ष्य समुद्र जल के लवणता स्तर में जननक्षमता का जाँच करना था और परिणाम में यह देखा गया कि निरीक्षण किये गये कुल अंडजनकों के 10.5% में जननक्षमता 100 नोप्ली/ब्रूड से अधिक है ।

* * * * * * * *

## 909 मान्नार की खाडी से एक अपूर्व होलोथूरियन *होलोथूरिया (थैमोसिया) एरेनिकोला* सेम्पर

स्फुटनशाला केलिए होलोथूरियनों के संग्रहण के दौरान 19-5-'93 को वान द्वीप के पूरब (मान्नार की खाडी) से 200 मी गहराई से 200 मि मी लंबाई के *होलोथूरिया (थैमोसिया) एरेनिकोला* का एक नमूना प्राप्त हुआ था। सौ साल के पहले (1888) इस जाति को और कोई विवरणों के बिना बेल ने संसूचित किया था। इसके बाद किसी ने भी मान्नार की खाडी से इस जाति के बारे में कोई सूचना नहीं दी है। टूटिकोरिन से संग्रहीत होलोथूरिया वंश की अन्य जाति हैं - *होलोथूरिया (होलोडीमा) एट्रा* जीगर, *होलोथूरिया (होलोडीमा) एडुलिस* लेस्सन, *होलोथूरिया (थैमोसिया) हिल्ला* लेस्सन, *होलोथूरिया (थैमोसिया) इम्पाटियेन्स* (फोस्कल), *होलोथूरिया (मेटेनसियोथूरिया) लीकोस्पिलेटा* ब्रान्ड, *होलोथूरिया (सेलेंकोथूरिया) मोबी लड्विग* और *होलोथूरिया (मोट्रियाटिला) स्काब्रा* जीगर। *होलोथूरिया (थैमोसिया) एरनिकोला* की कई जाति को आन्डमान और लक्षद्वीप से संग्रहित किया था।

विस्तारित अवस्था में इसका शरीर पतला और कृमिरूप में होता है। मुँह छोटा और स्पर्शक (टेन्टेकल) से घेरा हुआ होता है।

पृष्ठ भाग में *पैपिले* होते है। वृंतपद छोटें और अस्पष्ट होते हैं। अधरीय भाग में ये तीन बैन्डों में दिखाये पडते हैं। मध्य अधरीय बैन्ड स्पष्ट नहीं है। बाकी बैन्डों में एक पंक्ति में तीन या चार वृंतपद दिखाये पडते हैं। गुद चार पैपिले के पाँच ग्रूप से घेरा हुआ दिखाया पडता है। चूर्णमय वलय के दस खंड होते है, जिसके अरीय, अंतरा-अरीयों से लंबा होता है। इसके एक बडा पोलीय आशय और एक अश्म-नाल होते हैं। जनन-ग्रंथी का स्थान पृष्ठीय मैसेन्ट्री के वाम भाग में एक चूडा में है। श्वसनावयव लंबा और कई शाखाओं के होता है। कंटिक टेबल, बटनों और प्लेटों से युक्त है। बटन मृदुल और छः रन्ध्रों के है। शरीर भित्ति में अनेक बटन होते है। टेबल के डिस्क का एक मस्टण बोर्डर होता है और यह क्वाड्रेट-सर्कुलर आकार के है। प्रत्येक संसर्पिल (Spire) के मध्य में एक बडे छिद्र और बेस में एक छोटे छिद्र है। परिधीय छिद्र चार से दस संरव्याओं में विविध रहते हैं।

जीवित अवस्था में ये श्वेत रंग के होते है। पृष्ठीय भाग में अस्पष्ट और बिखरे पडे भूरे बिंदियाँ है। अधरीय भाग का वर्ण भी श्वेत है।

यह खननी प्राणी है। बिल बनाने केलिए ये अपने शरीर पेशियों का उपयोग करते है। लक्षद्वीप में होलोथूरियनों की उपस्थिति ज्वार के बाद मालूम पडता है। बिल बनाकर गहराई में जाने के कारण इसे पकडना आसान नहीं। हैचरी में होलोथूरिया छः महीनों तक स्वस्थ अवस्था में रहता है। दिसंबर 93 में जल की लवणता 10% से कम हो जाने पर यह मर गया।

पोर्ट ब्लेयर से संग्रहित एक नमूने के श्वसनावयव के प्रमुख नालि में एक कारापिड मछली *एंकीलियोफिस (जोरडानिकस) ग्रेसिलिस* को जीवित अवस्था में देखा था।

यह एक उष्णकटिबंधवासी है और वेस्टिन्डिस, लाल सागर, ज़ानज़िबार, मॉरीष्यस, लक्षद्वीप, आन्डमान्स, ईस्टिन्डिस, फिलिप्पीन्स, सथेर्न जापान, फिजि, हावाय, ताहिदि, गालापागोस, कोकोस द्वीप और ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट में इसकी उपस्थिति है।

सी एम एफ आर आइ के टूटिकोरिन अनुसंधान केन्द्र, टूटिकोरिन के डी.बी. जेम्स की रिपोर्ट

## 910 सतपती तटीय जल में विशेष हुक और लाइन द्वारा मात्स्यिकी

पुराना लाईट हाउस वेरावल अवतरण केन्द्र के ट्राल यूनिट के नाविक दल के सदस्य अलग अलग राज्यों के हैं इनमें से अधिकतर दक्षिण के राज्य आन्ध्रप्रदेश, तमिलनाडु और केरल के हैं। स्थानीय भाषा में इनको "मापिल्लई" कहा जाता है। दक्षीण में मछली पकड़ने केलिए अपनाए गए एकीकृत ट्रालिंग हुक और लाईन सहित सतपती तटीय जल (बम्बई) में 1996 में अभ्यास के तौर पर शुरू की गई।

वेरावल बन्दरगाह से चलने वाले ट्रॉलर 12-14 कि मी प्रतिघंटे की गति से चलते हुए 16-18 घंटे चलने के बाद दक्षिण-पूर्व के सतपति क्षेत्र में पहुँचते है। दिसंबर में 1996 में कुछ तमिल मछुआरों ने हाथ द्वारा चालित हुक और लाइन का प्रयोग किया इसमें सेफलोपोड्स, फीता मीन, बाँगडे और कई अन्य मछलियाँ जो कि ट्रॉल जाल में पकड़ में आई उनको चारे केलिए उपयोग किया गया और इसके परिणाम बहुत उत्साहजनक रहे। जनवरी 1997 के आरंभ में लगभग 100 नावों द्वारा यह अभ्यास अपनाया गया। आरंभ में इसे ट्रालेर्स से आय बढाने के तरीके के रूप में अपनाया गया और नाव पर खाली समय में इसका प्रयोग किया गया। यह तरीका सफल तथा मुनाफे वाला पाया गया और अक्तूबर 1997 तक लगभग 450-500 यूनिटों ने इस प्रक्रिया को अपनाया। ट्राल जाल और हुक और लाइन को वैकल्पिक तौर पर प्रयोग किया और इसके परिचालन का व्यस्ततम समय अक्तूबर से जनवरी और "महाशिवरात्रि" का मौसम था।

विभिन्न आकार के हुकों का प्रयोग किया गया, साधारणतया 130-150 एम एम और 50 एम एम लंबाई के हुक प्रयोग में लाए गए। 5-8 हुक के एक बंडल थोडी-थोडी दूरी पर लम्बी लाईन में 10-20 मी की गहराई में प्रवाहित लाइन से लटकाए गए। औसतन प्रत्येक नाव में 2-3 बाक्स हुक (100 हुक प्रप्येक बाक्स) लिए हुए थी तथा इसके साथ लाइन और फ्लोट्स। अधिकतर उत्पादित जल में हुक में पकड़ बहुत कम होती है तथा कम उत्पादित जल में इस तरिके से अच्छी पकड़ आती है।

आरंभिक अभ्यास के दौरान प्रत्येक नाव की औसतन पकड 1000-1200 कि ग्रा थी। पकड में *स्कोम्ब्रोमोरस कोमरसोनी* (कुल पकड का 80%) अधिक मात्रा में थी। अगले मौसम में (अक्तूबर 97 - जनवरी 98) में प्रत्येक नाव की औसत पकड 200-1000 कि ग्रा थी। इस में मुख्य रूप में *एस. कोमरसोनी, थुनस टौंगोल और युटिनस एफीनिस* सहित कम संख्या में *एपिनेफेलस एस पी पी, राकीसेन्डेन कैडस* और *पी. डायाकान्तस* थी।

यह देखने में आया है कि गुजराती मछुआरे मछली पकड़ने की एकीकरण प्रणाली में कुशल नहीं हैं जितने कि दक्षिण के उनके प्रतिभागी।

सी एम एफ आर आइ के वेरावल अनुसंधान केन्द्र, वेरावल के ए. पी. दिनेशबाबु, जो. के. किषकूडन, बी. मनोजकुमार, सुजीता तोमस और वाइ. डी. सावरिया की रिपोर्ट

## 911 कोचीन पत्तन के उत्तरी उपतटीय जलक्षेत्र में तेल का बिखराव

कभी कभी समुद्र में ऑयल का बिखराव होता है। यह आकस्मिकवश या जान बूझकर हो सकता है। लेकिन इसका बुरा असर मात्सियकी, पुलिन पारितंत्र और पर्यटन पर ज़रूर पडता है। पिछले कुछ दशकों में उद्योगों और मत्स्यन आनायों के यंत्रीकरण में हुए विकास के साथ साथ हाइड्रोकार्बन्स और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों का उपयोग काफी बढ गया है।

कोचीन पत्तन के उत्तर भाग में नारक्कल के उपतटीय जलक्षेत्र में 1998 अप्रैल 23 को तेल बिखरा हुआ देखा। यह बहुत घने रूप में टार जैसा था। बालु पुलिन में मृदा अपरदन रोकने केलिए निर्मित ग्रानाइट भित्ति में तेल का घना आवरण देखा गया। तट से 10-15 मी दूर के जल क्षेत्र काले रंग से कलुषित देखा गया था। लेकिन यहाँ के समुद्री जीवों को जीवनाश होते हुए नहीं देखा। फिर भी एक हफ्ते तक मत्स्यन नहीं किया जा सका। अगले दिन, तेल बिखराव की विस्तृति जानने केलिए नारक्कल और नारक्कल से दो कि मी उत्तर और पाँच कि मी दक्षिण से जल और तलछट के नमूने संग्रहीत किया। जल में तेल की उपस्थिति पुलिन तलछट में 301.2 मि ग्रा/लि और 268.06 मि ग्रा/लि देखा गया।

तेल का नमूना गल्फ क्रूड ऑयल जैसा था। नाव्य जलपथ के दक्षिण के फार्ट कोचीन क्षेत्र में तेल बिखराव नहीं देखा था जो सूचना देती है कि कुछ ऑइल टैंकर कोचीन पत्तन से वापस जाते समय बाल्लास्ट साफ किये जाने से यह तेल बिखराव हुआ होगा। मॉगलूर से भी पिछले और इस साल में इस प्रकार के तेल बिखराव के बारे में रिपोंट मिली थी (कृष्णकुमार पी.के, मॉगलूर अनुसंधान केंद्र)। जीवनाश की रिपोर्ट न होने पर भी इस प्रकार का तेल बिखराव से समुद्री अपरदन रोकने केलिए निर्मित ग्रानाइट भित्ति में पाये जानेवाले द्विकपाटियों सहित अंतराज्वारीय जीवों का भारी नाश हो सकता है। इस तेल बिखराव के विरुद्ध कडी पेशबन्दी की जानी है। संयोग से अरब समुद्र और बंगाल खाडी क्षेत्रों के तेल बिखराव मोनिटरन में तटरक्षकों की सहायता केलिए नियुक्त 14 राष्ट्रीय संस्थानों में सी एम एफ आर आइ को भी जोड दिया गया है।

पी. कलाधरन, वी. के. पिल्लै, के पी. सयद् कोया, के. एस. लीला बाइ और एन. पलनिस्वामी, *केन्द्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान, कोचीन – 682 014, भारत द्वारा की गयी रिपोर्ट*

## 912 काकिनाडा तटों के छिछले जलक्षेत्रों में भारतीय रफ, *सीनोप्सिस सिएनिया* की उपस्थिति से उत्स्रवण की सूचना

सेन्ट्रोलोफिडे कुडुम्ब के *सीनोप्सिस सिएनिया* साधारणतया 250 से 300 मी के गहरे जलक्षेत्र में पाया जाता है। भारत में ये पूर्वी और पश्चिम तटों में और साकोट्रा और एदन खाडी में अनियमित रूप से पाये जाते हैं। इसकी मात्स्यिकी अभी तक पूर्ण रूप से स्थापित नहीं है। भारत में इनको गभीर समुद्र आनायों के ज़रिए केरल के कोल्लम से 250-300 मी के गहरे क्षेत्रों से पकडे जाते है, जहाँ नवंबर-अप्रैल के दौरान ये प्रचुर होते हैं।

*पी. सिएनिया* इसके चिकनी चमडी और मृदुल शरीर के कारण तेलुगु में "मेत्तपारा" नाम से जाना जाता है। इस अवधि में पकड में गभीर सागर जाति का गणनीय योगदान काकिनाडा तट के साधारण अवतरण रीति को परिवर्तित किया। *प्रियाकान्तस* जाति, *डेकाप्टेरस टावल* और *पेनीस* जाति आदि गभीर जल जाति के साथ 5-15 मी गहराई के छिछले जलक्षेत्र से *पी. सिएनिया* बडी मात्रा में प्राप्त हुई। इस गभीर जल जाति का अवतरण 12 दिनों तक रहा। इस अवधि की मात्स्यिकी का मॉनिटरिंग किया गया।

आनाय और गिल जालों में 812 टन *पी. सिएनिया* और 35 टन अन्य गभीर जल जाति का अवतरण हुआ था, जो कुल पकड का 43.5% देखा गया। कुल आनाय और गिल जाल पकडों में *पी. सिएनिया* का योगदान क्रमशः 39.4 और 78.3% था।

*पी. सिएनिया* पकड में औसतन 130.3 मि मी आयाम और 22.82 ग्रा के साथ 89-149 मि मी की जाति अधिक थी। ये अस्पष्ट या अपरिपक्व जननग्रंथी के थे। पकड में मादा और नर का अनुपात 1:1 था। आहार नली में फीके पीले रंग के द्रव के बिना कोई आहार पदार्थ नहीं था।

*पी. सिएनिया* और अन्य जाति जो गभीर और शीत जल क्षेत्र के होते है शीत और गहरे जल के उपरिप्लव के कारण छिछले जलक्षेत्र में आये होंगे। 24 जुलाई से 5 अगस्त तक तट पर शीत जल की उपस्थिति के बारे में भी मछुआरों ने रिपोर्ट की थी। वर्तमान अध्ययन इस तट पर *पी. सिएनिया* की शक्य संपदा की ओर इशारा करती है।

मृदु एवं जलीय मांस के कारण खाद्य के रूप में कोई माँग नहीं थी। इसलिए मत्स्य चूर्ण उत्पादन केलिए प्रति कि ग्रा दो से तीन रु. की दर पर सारी पकड को बेच दिया गया।

सी एम एफ आर आइ के काकिनाडा अनुसंधान केन्द्र, काकिनाडा, के ई. एस अब्दुसमद और पी. अच्चय्या की रिपोर्ट

## 913 कन्याकुमारी से पकडी गई सॉफिश

कन्याकुमारी में विवेकानन्द रॉक मेमोरियल के पीछे 19.10.1996 को 15 मी गहराई में प्रचालित एक गिलजाल में "आतु इलुप्पा" या "कोम्बु सुराव्" नाम से जानने वाली बडे दाँतों वाली एक मादा सॉफिश पकडी गयी। यह 363 से मी लंबाई और 280 कि ग्रा भार की थी। इसे चिन्नमुड्डस मात्स्यिकी पोताश्रय में अवतरण करके, बेचने केलिए तूत्तूर ले गया जहाँ मात्र सुरा और सुरा संबंधित उत्पादों केलिए एक बाज़ार है। इसके पुच्छ एवं दो पृष्ठीय पखों को, जिनके उच्च निर्यात मूल्य है, 5530/- रु में बेच दिया और बाकी भागों को 9500/- रु. मिले।

पिछले रिकार्डों के अनुसार यह मछली 15 मी की अधिकतम लंबाई प्राप्त करती है। लेकिन 1988 में चेन्नै में 705 से मी की एक मछली पकडी गयी थी। कोन्टाई से भी 1992 में 540 से मी की एक जाति प्राप्त होने की रिकार्ड है। भारत के दक्षिण तट में इसकी उपस्थिति बहुत विरल है। इसलिए इसका शारीरिक मापन नीचे से मी में दिया जाता है।

| | | |
|---|---|---|
| कुल लंबाई | : | 363.0 |
| मानक लंबाई | : | 308.2 |
| डिस्क की लंबाई | : | 187.8 |
| मुँह की कोण से कोण तक की चौडाई | : | 21.4 |
| आँख का समतल व्यास | : | 3.8 |
| प्रथम पृष्ठ पख की खडी लंबाई | : | 31.3 |
| दूसरे पृष्ठ पख की खडी लंबाई | : | 28.5 |
| प्रथम पृष्ठ पख की लंबाई | : | 40.1 |
| दूसरे पृष्ठ पख की लंबाई | : | 34.6 |
| प्रथम पृष्ठ आधार | : | 31.0 |
| दूसरा पृष्ठ आधार | : | 23.7 |
| अंतरापृष्ठीय दूरी | : | 40.1 |
| ऊपरी मार्जिन में पुच्छ पख की लंबाई | : | 54.8 |
| प्रोथ से नेत्रगोल अग्रांत तक | : | 72.9 |
| प्रोथ से प्रथम पृष्ठ पख मूल तक | : | 198.8 |
| प्रोथ से दूसरे पृष्ठ पख मूल तक | : | 269.9 |
| प्रोथ से अंसीय पख मूल तक | : | 125.8 |
| प्रोथ से श्रोणि मूल तक | : | 215.2 |

सी एम एफ आर आइ के विशिंज़म अनुसंधान केन्द्र के जेकब जेरोल्ड जोएल और सी एम एफ आर आइ के कन्याकुमारी क्षेत्र केन्द्र के आइ पी. इवनेज़र की रिपोर्ट।